रजिस्ट्रेशन S 37987/2000 नई दिल्ली

अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ (पंजी)

कार्यालय-ए-2/20,कोठी पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063 फोन 09711111507, 8383051835

E-mail abvvsangh2000@gmail.com, yashpalpanchal1953@gmail.com,

यशपाल पांचाल	सुरेश पांचाल	रमेश कुमार पांचाल	निरंजन लाल पांचाल
राष्ट्रीय अध्यक्ष	राष्ट्रीय वरिष्ठ अपाध्यक्ष	राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री	राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष
9711111507	9826670897	8448658492	9871340189

पत्र संख्या abvvs/163/2026 दिनांक 24/04/2026

सेवा में
आदरणीय योगी आदित्य नाथ जी
मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश, भारत

विषय –जनपद गाजीपुर के थाना करंडा के ग्राम कटरिया में विश्वकर्मा समाज की बेटी निशा विश्वकर्मा की निर्मम हत्या के संबंध में ।

महोदय,

आपके संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि जिस तरह से विगत दिनों करंडा थाना अंतर्गत ग्राम कटरिया में विश्वकर्मा समाज की बेटी निशा विश्वकर्मा पुत्री श्री सियारम विश्वकर्मा की बलात्कार कर निर्मम हत्या की गई है वह बहुत ही दुखद व अमानवीय कृत्य है । इससे विश्वकर्मा समाज में भारी रोष है । आरोपी ग्राम कटरिया के ही सवर्ण जाति के दबंग हैं । यह कोई पहली घटना नहीं है जब दबंगई के चलते वि श्वकर्मा समाज के परिवारॉन के साथ ऐसा अमानवीय कृत्य हुआ है। पहले भी ऐसी घटनाओं को आपके सज्ञान में लाया गया है । जब समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधि संवेदना व्यक्त करने परिवार से मिलने पहुंचे तो उन पर भी दबंगों द्वारा पथराव किया गया जिससे कई लोगों के घायल होने की खबरें सोशल मीडिया पर चल रही हैं । शायद वे लोग चाहते हैं कि उनके कुकृत्यों को उजागर भी न किया जाए और परिवार से भी कोई संपर्क न किया जाए ।

जब परिवार से मिलने पर भी दबंगों द्वारा पथराव किया जा सकता है तो आप समझ सकते है पीड़ित परिवार की क्या हालत होगी और परिवार किस विषम परिस्थितियों से गुजर रहा होगा । ऐसी स्थिति में परिवार को सरकारी सहायता की अति आवश्यकता है । आपसे निवेदन है कि अपराधियों को सजा दिलाने के साथ परिवार की आर्थिक मदद भी की जाए और सुरक्षा प्रदान की जाए जिससे पीड़ित परिवार विषम परिस्थिति से निकल कर सामान्य जीवन जी सके । आपसे निवेदन है कि विषय की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित परिवार की मदद की जाए और दोषिओं को सजा मिले ।

सादर प्रेषित ।

यशपाल पांचाल

(यशपाल पांचाल)
राष्ट्रीय अध्यक्ष

प्रतिलिपि

1. जिलाधीश जनपद गाजीपुर उत्तर प्रदेश
2. पुलिश अधीक्षक जनपद गाजीपुर